## कासाबाद में खेतों पर भू-माफिया की नजर

# न सीएलयू, न लेआउट की मंजूरी... काटी जा रही कॉलोनी, गलाडा की निगरानी पर सवाल

राजवीर बख्शी | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के नजदीक कासाबाद गांव में कथित तौर पर अवैध कॉलोनियां काटने का काम तेजी से चल रहा है। आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर खेतों में प्लॉट काटे जा रहे हैं और कई जगह निर्माण भी शुरू हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) और स्वीकृत लेआउट प्लान के हो रहे इस निर्माण पर ग्रेटर लुधियाना एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (ग्लाडा) की कार्रवाई अब तक नजर नहीं आई।


सीए विकास

मौके से सामने आई तस्वीरों में खेतों में प्लॉटिंग के लिए निशान लगाए जाने और निर्माण के लिए नींव व चारदीवारी तैयार किए जाने का दावा किया जा रहा है। आरोप है कि कॉलोनाइजर सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पार्क समेत जरूरी सुविधाओं की मंजूरी लिए बिना ही जमीन को छोटे-छोटे प्लॉटों में बांटकर बेचने की तैयारी कर रहे हैं।



- **आम आदमी की दीवार पर कार्रवाई, यहां पूरी कॉलोनी पर सवाल...** *स्थानीय लोगों ने ग्लाडा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम व्यक्ति द्वारा बिना मंजूरी निर्माण किए जाने पर विभाग की कार्रवाई तुरंत शुरू हो जाती है, लेकिन कासाबाद में बड़े स्तर पर कथित प्लॉटिंग और निर्माण कैसे चल रहा है। लोगों का सवाल है कि संबंधित क्षेत्र में निगरानी करने वाले अधिकारियों की नजर इस निर्माण पर क्यों नहीं पड़ी। स्थानीय स्तर पर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि अवैध कॉलोनियों के पीछे प्रभावशाली लोगों का हाथ है और अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इतने बड़े स्तर पर काम संभव नहीं है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। सबसे बड़ा खतरा उन लोगों को रहता है जो सस्ते दाम और आसान किश्तों के लालच में प्लॉट खरीद लेते हैं। बाद में यदि कॉलोनी पर प्रशासनिक कार्रवाई होती है तो खरीदार की जीवनभर की जमा पूंजी फंस सकती है। ऐसे में लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कासाबाद में चल रही कथित अवैध प्लॉटिंग की जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।*

***इस संबंध में ग्लाडा के सीए विकास हीरा ने कहा कि संबंधित मामले में नोटिस जारी कर दिया गया है। जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।***

## फूड सप्लाई विभाग नम 150 गैस सिलेंडर पकड़े



सहजप्रीत सिंह/जगमीत सिंह
लुधियाना | समर न्यूज़

फोकल प्वाइंट के उत्तम नगर इलाके में घरेलू गैस सिलेंडरों की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने सूचना के आधार पर एक घर में छापेमारी कर करीब 150 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। कार्रवाई के दौरान मौके से दो लोगों को भी काबू किया गया।

विभाग को सूचना मिली थी कि उत्तम नगर स्थित एक घर में घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध करवाए जाने वाले गैस सिलेंडरों को कथित तौर पर अवैध तरीके से रखा और बेचा जा रहा है। आरोप है कि सिलेंडरों को निर्धारित कीमत से अधिक दाम पर बेचकर कालाबाजारी की जा रही थी। सूचना मिलने के बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर बरामद होने पर अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से सिलेंडरों से संबंधित दस्तावेज और अन्य जानकारी हासिल की। विभाग की ओर से बरामद सिलेंडरों की जांच की जा रही है कि इन्हें कहां से लाया गया था और किस उद्देश्य से यहां रखा गया था।

थाना फोकल प्वाइंट के एसएचओ कुलवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सिलेंडरों की सप्लाई कहां से हो रही थी और इस कथित कालाबाजारी में और कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साढ़े तीन साल के बच्चे से मारपीट के बाद दिल्ली का प्ले स्कूल सील

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के मौजपुर स्थित एक निजी प्ले स्कूल में साढ़े तीन साल के बच्चे के साथ कथित मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले में दिल्ली सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर स्कूल परिसर को सील कर दिया गया है। पुलिस ने मामले में स्कूल के अटेंडेंट को गिरफ्तार किया है, जबकि निदेशक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और अटेंडेंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बच्चे के परिजनों ने उसके व्यवहार में बदलाव और शरीर पर चोट के निशान देखने के बाद शिकायत की थी। बच्चे के स्कूल जाने से डरने और रात में घबराकर उठने की बात भी सामने आई। इसके बाद स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। फुटेज में बच्चे के साथ कथित तौर पर मारपीट और उसे कुर्सी से बांधकर रखने जैसी घटनाएं सामने आने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना को गंभीर और परेशान करने वाला बताते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जा सकता। उनके निर्देश पर जिलाधिकारी ने स्कूल परिसर को सील करने की प्रक्रिया शुरू की, जो अब पूरी हो चुकी है। सरकार ने कहा है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



स्कूल को सील करने की कार्रवाई केवल कथित मारपीट के मामले तक सीमित नहीं रही। प्रशासन की जांच में स्कूल के सुरक्षा और भवन संबंधी नियमों के उल्लंघन की भी जानकारी सामने आई। रिपोर्ट के अनुसार संस्थान आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र, स्वीकृत भवन नक्शा और पूर्णता या अधिभोग प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं करा सका।

## रोजगार के लिए यूरोप जाने के इच्छुक युवाओं का साक्षात्कार आज

जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

यूरोप के विभिन्न देशों में रोजगार के इच्छुक लोगों के लिए कनवर अरोड़ा कंसलटेंट में दो सितंबर को नवांशहर कार्यालय में मुफ्त साक्षात्कार किया जाएगा। कंपनी के एमडी कनवर अरोड़ा ने बताया कि यूरोप क की कंपनियों की टीम को साक्षात्कार के लिए नवांशहर बुलाया गया है।



ग्रीस, बुल्गारिया, स्लोवाकिया और बेलारूस सहित यूरोप के विभिन्न देशों में रोजगार के अवसरों के लिए उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को कंपनी मौके क पर आफर लेटर भी देगी 18 से 60 वर्ष तक के पुरुष और महिला - उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। कम पढ़े-लिखे अथवा ईसीआर पासपोर्ट धारक उम्मीदवार भी - आवेदन कर सकते हैं।

# बिना नंबर प्लेट वाली दो थार में पहुंचे युवकों का शोरूम में हंगामा

**-तीन एलईडी जबरन ले जाने का प्रयास, स्टाफ को दी धमकी**
**-50 हजार रुपये नहीं देने पर जान-माल के नुकसान की चेतावनी**

सागर पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़

जुझार नगर में टीवी-एलसीडी के शोरूम पर बिना नंबर प्लेट वाली दो महिंद्रा थार में सवार होकर पहुंचे 6-7 युवकों द्वारा हंगामा करने और 50 हजार रुपये की मांग करने का मामला सामने आया है। शोरूम संचालक ललित कुमार शाह की शिकायत पर बलौंगी थाना पुलिस ने 6-7 अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। गत दिनों शाम करीब पांच बजे दो थार गाड़ियों में सवार होकर 6-7 युवक शोरूम पर पहुंचे। इनमें से करीब चार युवक शोरूम के अंदर दाखिल हुए और स्टाफ से बहस करते हुए संचालक ललित कुमार के बारे में पूछने लगे। आरोप है कि युवकों ने ललित को मौके पर बुलाने के लिए कहा और ऐसा नहीं करने पर दुकान में तोड़फ़ोड़ करने तथा सामान उठाकर ले जाने की धमकी दी।

हंगामे के दौरान युवकों ने शोरूम से तीन एलईडी उठाकर जबरन ले जाने का प्रयास किया। हालांकि, स्टाफ ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। इसी दौरान शोरूम के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसके बाद आरोपी स्टाफ को धमकाते हुए वहां से फरार हो गए। शोरूम संचालक ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आरोपी जाते समय उसके स्टाफ को धमकी देकर गए कि ललित कुमार को कह देना कि उनके 50 हजार रुपये वापस कर दे, अन्यथा उसके जान-माल का नुकसान किया जाएगा। ललित कुमार अपने दोस्त के साथ बलौंगी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में निकाली गई श्री नील कंठ महादेव मंदिर से दूसरी प्रभातफेरी



जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में धार्मिक उत्सव कमेटी की ओर से शहर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह न्यू टीचर कॉलोनी स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर से दूसरी प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी का शुभारंभ मंदिर में पंडित रजत शर्मा द्वारा पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रभातफेरी न्यू टीचर कॉलोनी से शुरू होकर टीचर कॉलोनी, बक्करखाना रोड, फतेह नगर और मोहन नगर के आसपास के क्षेत्रों से होते हुए वापस नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। प्रभातफेरी में परविंदर बत्रा, सीमा जगोता सहित नीलकंठ महादेव मंडल के सदस्यों और मंदिर की महिलाओं ने भजन प्रस्तुत किए। प्रभातफेरी की शुरुआत 'हरे कृष्णा, हरे राम' महामंत्र के जाप से की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से जुड़े विभिन्न भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान 'मन चल रे वृंदावन धार्मिक उत्सव कमेटी के एडवोकेट जेके दत्ता ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 2 सितंबर, बुधवार को सुबह 10:30 बजे दाना मंडी से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख बाजारों और मार्गों से होकर गुजरेगी।

शोभायात्रा दाना मंडी से शुरू होकर पुरानी दाना मंडी, रेलवे रोड, चंडीगढ़ चौक, आर्य समाज रोड, राजा मोहल्ला, कोठी रोड, गीता भवन रोड, लाल चौक और वाल्मीकि नगर से होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसके बाद शोभायात्रा वापस पुरानी दाना मंडी पहुंचेगी।

आयोजकों ने श्रद्धालुओं और शहरवासियों से शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है। जन्माष्टमी को लेकर शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ है। प्रभातफेरी में परविंदर बत्रा, सुपरिंटेंडेंट अशोक शर्मा, शंकर शिंदे, सुरेश शर्मा, ललित ओहरी, जतिंदर सैंगर, अश्विनी गुप्ता, देविंदर बाली, रीना और आयुषी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# मासिक राशन वितरण में सहयोग सेवा सोसाइटी ने 20 परिवारों को दिया राशन




जगदीश लाल | नवांशहर
समर न्यूज़

शहर में पिछले लंबे समय से सेवा कार्य करती आ रही सहयोग सेवा सोसाइटी द्वारा अपना मासिक राशन वितरण किया जिस में मुख्य अतिथि प्रोफेसर मनीष मानिक और डॉ पूनम मानिक विशेष रूप से हाजिर हुए सोसाइटी प्रधान प्रदीप धींगरा ने मुख्य अतिथि का सिरोपा देकर सम्मानित किया।

चेयरमैन प्रदीप जोशी ने बताया कि सोसायटी हर महीने 20 जरुरतमंद परिवारों राशन के इलावा स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी वर्दियां और जूते मुहैया करवाती रहती है इस महीने की सेवा कार्य में तिलक राज परिवार का विशेष योगदान रहा उप प्रधान चेतन शर्मा और तरसेम लाल ने आय हुए मेहमानों का धन्यवाद किया।

इस मौके पर प्रदीप धींगरा प्रदीप जोशी चेतन शर्मा तरसेम लाल नवीन वर्मा सुरेश शर्मा करण कालरा रविशंकर चंद्र मोहन हांडा रिधम अरोरा मनीष मानिक पूनम मानिक नैना चुग पंडित सीता राम मौजूद रहे।

# खड़गे के कार्यक्रम स्थल के 'शुद्धीकरण' के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, फूंका पुतला

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उत्तराखंड के हल्द्वानी में हुए कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल के कथित 'शुद्धीकरण' की घटना पर भाजपा सरकार द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने तथा इस मामले का विरोध करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना की ओर से टिब्बा रोड स्थित कार्यालय के बाहर पुतला फूंक प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी शहरी लुधियाना के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक संजय तलवाड़ के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका गया और बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर संजय तलवाड़ ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हल्द्वानी कार्यक्रम के बाद जिस तरह कार्यक्रम स्थल का कथित तौर पर 'शुद्धीकरण' किए जाने की घटना सामने आई, वह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना पर भाजपा सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि राहुल गांधी द्वारा घटना के विरोध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। तलवाड़ ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ऐसे मामलों में दोहरे मापदंड अपना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसी किसी भी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेगी, जिससे समाज में जाति के आधार पर भेदभाव की भावना को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस का विरोध और संघर्ष जारी रहेगा।

## क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण में चमका वार्ड नंबर-आठ

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

पंजाब सरकार के 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण के तहत फिल्लौर नगर परिषद के वार्ड नंबर 8 में 10 दिवसीय विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गई। अभियान की अगुवाई वार्ड नंबर 8 के पार्षद डॉ. वैभव शर्मा ने की। इस दौरान वार्ड के विभिन्न हिस्सों में गंदगी से प्रभावित स्थानों की विशेष रूप से सफाई करवाई गई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

कर्मचारियों ने वार्ड में जमा कूड़ा हटाने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। पार्षद डॉ. वैभव शर्मा ने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. वैभव शर्मा ने कहा कि स्वच्छ पंजाब का सपना तभी साकार हो सकता है, जब सरकार के प्रयासों के साथ आम लोग भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ढंडारी खुर्द में गुंडागर्दीः हथियारबंद युवकों ने बरसाए घर पर ईंट-पत्थर

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

ढंडारी खुर्द के रविवार मंडी के पास इलाके में गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। बाजार में युवक के साथ मारपीट के दो दिन बाद मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे 15 से 20 युवक कथित तौर पर हथियारों से लैस होकर उसके घर के बाहर पहुंच गए। आरोप है कि युवकों ने पहले घर में मौजूद प्रिंस को बाहर आने के लिए ललकारा।

जब वह बाहर नहीं आया तो आरोपियों ने घर पर ईंट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। अचानक हुए पथराव से घर के दरवाजे और खिड़कियों के शीशे टूट गए, जबकि घर के अंदर रखा सामान भी क्षतिग्रस्त होने का आरोप है। घटना के दौरान घर में मौजूद महिलाओं और अन्य परिजनों ने कमरों में छिपकर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित प्रिंस ने बताया कि उसने घर के अंदर से मोबाइल फोन पर हमलावरों की वीडियो भी बना ली। पीड़ित की मां बिंदु रानी ने आरोप लगाया कि रविवार शाम प्रिंस अपने दोस्तों के साथ इलाके में मौजूद था। इसी दौरान कुछ युवकों के साथ मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई। उनका कहना है कि प्रिंस का विवाद से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन इसके बावजूद 8 से 10 युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि युवकों के पास तेजधार हथियार और लोहे की रॉड थी। उन्होंने प्रिंस के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर गए। बाद में उसके बड़े भाई ने सिविल अस्पताल में उसका मेडिकल करवाया और ढडारी चौकी में शिकायत दी। परिजनों के मुताबिक, दोनों पक्षों को समझाकर उस समय मामला शांत करवा दिया गया था, लेकिन उनका आरोप है कि समय रहते आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों के अनुसार, मंगलवार सुबह हमलावर पहले दुर्गा कॉलोनी के पीपल चौक के पास स्थित ऐसरी की दुकान पर पहुंचे।





वहां प्रिंस के भाई राकेश के साथ मारपीट करने का आरोप है। आरोपियों ने दुकान के बाहर खड़ी कार का शीशा भी तोड़ दिया। राकेश ने बगल के कमरे में जाकर अपनी जान बचाई।

इसके बाद आरोपी प्रिंस के घर के बाहर पहुंचे और पथराव शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि पथराव इतना तेज था कि घर के कई शीशे टूट गए और अंदर रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। परिवार ने कुछ हमलावरों पर इलाके में मुर्गे की दुकान चलाने और कथित तौर पर शराब बेचने के भी आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि इलाके में पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद उचित कार्रवाई नहीं हुई। जांच अधिकारी हरबंस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। पुलिस को कुछ सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## पक्का मोर्चा में बड़ी संख्या में पहुंचे किसान



राजवीर बक्शी | लुधियाना
समर न्यूज़

भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर शुरू किया गया पक्का मोर्चा मंगलवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। बड़ी संख्या में किसानों ने धरने में पहुंचकर सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जताया। किसान नेताओं ने कहा कि किसान, मजदूर और कर्मचारी लंबे समय से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकारें उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं दिखा रही हैं। नेताओं ने किसानों की जमीनों की रक्षा, मजदूरों को उचित मेहनताना, कर्मचारियों को बनती तनख्वाह व भत्ते और स्थायी रोजगार की मांग उठाई। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र व प्राकृतिक संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का भी विरोध किया। धरने के दौरान डीएपी खाद की उपलब्धता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। किसान नेताओं ने एआरओ लुधियाना गुरदीप सिंह को बुलाकर डीएपी के अग्रिम प्रबंध संबंधी मांगपत्र सौंपा। उन्होंने पर्याप्त स्टॉक और उचित वितरण सुनिश्चित करने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर संघर्ष और तेज किया जाएगा।

## मेयर का सख्त संदेशः खुद मैदान में उतरीं खुले में कचरा फेंका तो कटेगा चालान

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम ने 'मिशन क्लीन पंजाब' के दूसरे चरण में अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार को वार्ड नंबर 13 के विभिन्न इलाकों में मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने जागरूकता-सह-सफाई अभियान की अगुवाई की। उन्होंने मौके पर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के साथ स्थानीय लोगों से बातचीत की और शहर को साफ रखने के लिए निगम का सहयोग करने की अपील की।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि पूरे शहर को साफ रखने का लक्ष्य नगर निगम और प्रशासन के प्रयासों से ही हासिल नहीं किया जा सकता। इसमें शहरवासियों की भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से सफाई को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझने और निगम के साथ मिलकर काम करने की अपील की। मेयर ने कहा कि कचरा खुले में या खाली प्लॉटों में फेंकने की बजाय निगम के कचरा कलेक्टरों को सौंपा जाए। इसके अलावा निर्धारित स्टैटिक कॉम्पैक्टर साइटों का इस्तेमाल किया जाए, ताकि शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर न लगें।



मेयर ने कहा कि सफाई व्यवस्था की जमीनी स्थिति जांचने के लिए अचानक निरीक्षण किए जा रहे हैं। फील्ड स्टाफ को अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## मॉडल टाउन में गुरमत समागम आयोजित



नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

मॉडल टाउन स्थित हर्नाम नगर के गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्रद्धा एवं धार्मिक भावना के साथ गुरमत समागम आयोजित किया गया। हजूरी रागी भाई लखविंदर सिंह ने रसपूर्ण शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को गुरु साहिब की पावन बाणी से जोड़ा। इस अवसर पर प्रधान गुरमीत सिंह सलूजा, चेयरमैन बलदेव सिंह सहित प्रबंधक कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। कमेटी ने संगत एवं सेवादारों का आभार जताते हुए गुरबाणी से जुड़ने और नाम सिमरन करने की अपील की।

## चावला परिवार ने करवाया शुक्राना समागम

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के मॉडल ग्राम स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में समूह चावला परिवार की ओर से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ शुक्राना समागम करवाया गया। बड़ी संख्या में संगत ने गुरु चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान रागी जत्थे ने मनोहर गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया।



समागम में भगत सिंह बत्तरा, जतिंदर सिंह गल्होत्रा, हरभजन सिंह सचदेवा, अरविंदर पाल सिंह बंटी, तेजिंदरपाल सिंह चावला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। चावला परिवार की ओर से गुरु का अटूट लंगर भी लगाया गया। समापन पर सरबत के भले की अरदास की गई।

# फिल्लौर पुलिस अकादमी में मानवाधिकार प्रशिक्षण

शुभम शर्मा | फिल्लौर
समर न्यूज़

महाराजा रणजीत सिंह पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर में पुलिस अधिकारियों के लिए मानवाधिकार विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशेषज्ञों ने संवैधानिक प्रावधान, अनुच्छेद 21, बाल अधिकारों और एलजीबीटीक्यू समुदाय के अधिकारों पर जानकारी दी। डॉ. वरिंदर सिंह और संदीप भाटिया ने अधिकारियों को कानूनी प्रावधानों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया।

